एसडीएम न्यायालय की काज लिस्ट अब सीधे मोबाइल पर

▸ ई-गवर्नेंस पहल से वकीलों और पक्षकारों को राहत

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में सुशासन और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रामीण एसडीएम न्यायालय की न्यायालयीन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब अधिवक्ताओं को प्रतिदिन की काज लिस्ट व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें अपने प्रकरणों की सुनवाई की जानकारी समय रहते मिल रही है।

कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले मामलों की दैनिक सूची सुबह ही अधिवक्ताओं के मोबाइल पर भेज दी जाती है।

इससे उन्हें अपने प्रकरण की सुनवाई का समय पहले से ज्ञात हो जाता है और पूरे दिन न्यायालय परिसर में इंतजार करने की आवश्यकता नहीं रहती।

एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर ने बताया कि इस नवाचार से न्यायालयीन कार्यवाही अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी हुई है। पहले अधिवक्ताओं को काज लिस्ट देखने के लिए न्यायालय पहुंचना पड़ता था और कई बार घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, लेकिन अब वे अपने समय का बेहतर प्रबंधन कर पा रहे हैं।

नई व्यवस्था का लाभ केवल अधिवक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकरणों से जुड़े पक्षकारों को भी समय पर जानकारी मिलने लगी है। इससे अनावश्यक इंतजार कम हुआ है और न्यायिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आया है।

अधिवक्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि व्हाट्सएप पर समय से काज लिस्ट मिलने से उनकी कार्यक्षमता बढ़ी है और न्यायालय में समय की अनावश्यक बर्बादी लगभग समाप्त हो गई है।

प्रशासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र की न्यायिक व्यवस्था को तकनीक से जोड़ने और आमजन को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरी है।

महाप्रबंधक-सांसदों की बैठक में विकास परियोजनाओं पर मंथन

▸ स्टेशन पुनर्विकास, नई रेल सेवाएं और सिंहस्थ-2028 तैयारियों पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल कार्यालय स्थित समिति कक्ष में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय और विभिन्न संसदीय क्षेत्रों के सांसदों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में रेलवे की विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, संरक्षा और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने की। महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन में पश्चिम रेलवे और रतलाम मंडल में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। वहीं मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों, सुरक्षा उपायों, अधोसंरचना विकास और यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक में सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने रेलवे द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चर्चा के दौरान इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना, डॉ. अंबेडकर नगर-ओंकारेश्वर आमान परिवर्तन, इंदौर स्टेशन पुनर्विकास, रतलाम-इंदौर वाया फतेहाबाद रेल मार्ग, उज्जैन-फतेहाबाद दोहरीकरण, ट्रेनों के ठहराव, विस्तार और नई रेल सेवाओं के संचालन जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठे।

सांसदों ने दिए सुझावों

महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने सांसदों द्वारा उठाए गए सभी विषयों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। बैठक में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, शंकर लालवानी, ज्ञानेश्वर पाटिल, जसवंत सिंह भाभोर सहित विभिन्न संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महापर्व को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने सिंहस्थ से जुड़ी रेलवे परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिल सकें।

एक नजर में

बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को संशोधित नकलें वितरित की

रतलाम। एसडीएम रतलाम शहर आर्ची हरित ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार रतलाम जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दर्ज बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले मे राजस्व अधिकारियों द्वारा ई- गवर्नेंस अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का आनलाईन त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को समय पर संशोधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तहसीलदार रतलाम शहर ऋषभ ठाकुर एवं नायब तहसीलदार प्रीति साठे द्वारा बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों के आदेशों के अमल उपरांत हितग्राहियों को संशोधित नकलें प्रदान की गईं।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पौधारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

रतलाम। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत रतलाम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराडिया में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया युवा। अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष मैं शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया । सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामचंद्र पोरवाल, ललित शर्मा ,सामाजिक कार्यकर्ता राजू टेलर, छात्रावास अधीक्षक देवीलाल यादव, बद्रीलाल बसेर ब्लॉक युवा समन्वयक आलोट दुर्गाशंकर मोयल द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

आईटीआई सैलाना में प्रवेश के लिए 30 जून होंगे रजिस्ट्रेशन

रतलाम। प्रभारी प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सैलाना ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए संस्था मे प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। संस्थान में कोपा, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन तथा मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) ट्रेड संचालित हैं। कोपा ट्रेड में 48, फिटर में 20, वेल्डर में 40, इलेक्ट्रिशियन में 20 तथा मैकेनिक मोटर व्हीकल में 24 सीटें उपलब्ध हैं। कोपा, फिटर, इलेक्ट्रिशियन एवं मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड में प्रवेश के लिए 10वीं उत्तीर्ण तथा वेल्डर ट्रेड के लिए 8वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हैं।

अजित मेहता बने श्री धर्मदास जैन श्री संघ के अध्यक्ष, राजीव चौरड़िया महामंत्री नियुक्त

▸ कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का गठन

▸ पूर्व पदाधिकारियों व नवचयनित टीम का हुआ अभिनंदन

नवभारत न्यूज

रतलाम। श्री धर्मदास जैन श्री संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए गुरुवार शाम श्री कृष्ण महिला कला केंद्र, चांदनी चौक पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अजित मेहता को अध्यक्ष एवं राजीव चौरड़िया को महामंत्री चुना गया। बैठक संघ के मार्गदर्शक वीर पिता ललित गांधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक की शुरुआत नवकार महामंत्र की सामूहिक स्तुति से हुई। संघ अध्यक्ष रजनीकांत झामर एवं पदाधिकारियों का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। ललित गांधी ने अध्यक्ष पद के लिए अजित मेहता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका

उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक समर्थन किया। लंबे समय से धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़े अजित मेहता संघ में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

महामंत्री पद के लिए सर्वसम्मति से राजीव चौरड़िया का चयन किया गया। इसके साथ ही संघ की कार्यकारिणी में 15 नए सदस्यों को शामिल किया गया। अन्य पदाधिकारियों, समितियों और कार्यकारिणी के शेष गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाएगी। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष रजनीकांत झामर एवं महामंत्री विनय लोढ़ा का उनके सफल कार्यकाल के लिए सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में धर्मदास गणनायक प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी म.सा. एवं पुण्यशीलाजी म.सा. आदि ठाणा का ऐतिहासिक वर्षावास संपन्न हुआ, जो संघ की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजित मेहता और महामंत्री राजीव चौरड़िया का भी शॉल एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अजित मेहता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की प्रगति और धार्मिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सभी का सहयोग आवश्यक है।

बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने विभिन्न सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौरड़िया ने तथा आभार प्रदर्शन विनय लोढ़ा ने किया।

दो अलग-अलग हादसों में युवक-युवती की मौत

रतलाम। जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम नकटीपाड़ा निवासी 26 वर्षीय मंजु पति राजु मचार की कीटनाशक दवाई पीने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिबड़ोद में 19 वर्षीय विक्रम पिता कालु हटिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि युवक समरथ हटिला के खेत पर बने कुएं में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मामले में भी मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस दोनों मामलों में परिजनों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर मौत के कारणों की पड़ताल कर रही है।

मतदाता सूची का प्रकाशन, 15 जून तक सुधार का आखिरी मौका

▸ रतलाम सिटी विधानसभा क्षेत्र के 49 वार्डों में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन के लिए विशेष व्यवस्था

नवभारत न्यूज

रतलाम। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 220 रतलाम सिटी में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित कराने अथवा त्रुटि सुधार के लिए नागरिक 15 जून 2026 तक निर्धारित प्रारूप में दावे-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्वाचन कार्यालय द्वारा शहर के सभी 49 वार्डों में निर्धारित स्थलों पर मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जहां कार्यालयीन समय में प्राधिकृत कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मतदाता अपने वार्ड के निर्धारित केंद्र पर पहुंचकर सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरणों का सत्यापन कर सकते हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते मतदाता सूची का अवलोकन करें और यदि नाम शामिल नहीं है, किसी मृत अथवा स्थानांतरित व्यक्ति का नाम दर्ज है, या किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसका सुधार कराएं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त दावे-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। मतदाता सूची का यह पुनरीक्षण आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल हो और कोई भी मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से 15 जून तक अपने वार्ड के निर्धारित केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है।

पौधा रोपण कर उनकी देखभाल बच्चों की तरह करें : जिलाध्यक्ष उपाध्याय

▸ अमृत सागर उद्यान सहित नगर के विभिन्न वार्डो में किया पौधो का रोपण

नवभारत न्यूज

रतलाम। प्रतिवर्ष पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर इतिश्री ना करते हुए उनका पालन पोषण अपने बच्चों की तरह करना होगा तभी वह पेड़ बनकर पर्यावरण सुधार में लाभदायी सिद्ध होंगे।

उक्त उद्गार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने त्रिवेणी स्थित मानस भवन में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से पौधा रोपण की शुरूआत की जाकर नगर के प्रत्येक क्षेत्र में पौधा रोपण किया जाता है। निगम द्वारा रोपे गये पौधो का पालन पोषण करना

क्षेत्र के नागरिकों की जिम्मेदारी है। पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित ने बताया कि पर्यावरण को सहेजने की शुरूआत 1972 में हुई थी तब से लगातार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस निरंतर मनाया जा रहा हैं।

मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर ने इस अवसर पर नागरिकों को एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधा रोपण कर उसे सहेजने का आव्हान किया ताकि रतलाम नगर हरियाली से आच्छदित हो। स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन समिति प्रभारी एवं क्षेत्रिय पार्षद विशाल शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना,रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविन्द काकानी,पार्षद श्रीमती हिना मेहता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वैशाली जैन, एसडीएम आर्ची हरित, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरूण पाठक, रत्नेश विजयवर्गीय जन अभियान परिषद आदि ने अपने विचार रखे।

अधिकारियों ने किया पौधारोपण: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए ''एक पेड़ माँ के नाम'' राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कार्यालय सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिक उपखंड रतलाम में कार्यपालन यंत्री एस.आर. जांगड़े, वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री बाल नारायण मीणा, सहायक यंत्री डी.सी. कथिरिया एवं जिला सलाहकार आनंद व्यास द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से 'ग्रीन ऑफिस' बनाने का संकल्प भी लिया गया।

न्यायालय परिसर में हुआ पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए पंच 'ज' अभियान के तहत विशेष वृक्षारोपण अभियान पर वन विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर रतलाम में चलाया गया।

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राम गुप्ता की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ में स्वच्छता अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय रतलाम के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, वन विभाग के अधिकारीगण, द्वारा फलदार एवं छायादार, औषधीय पौधे रोपित किये गये। उक्त पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संबंधितों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर एसडीओ कछावा द्वारा वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पर बताया। अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश कुमार शर्मा ने कहा प्रत्येक अधिवक्ता या न्यायाधीश एवं अन्य स्वयं के जन्मदिन पर एक पौधा लगाये और उसकी जिम्मेदारी लें। न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया, आशीष वास्तव, राकेश कुमार शर्मा, राजेश नामदेव, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मती सपना शर्मा, जिला रजिस्ट्रार/ न्यायाधीश अनुपम तिवारी, सु रूपाली बिरला, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश कुमार शर्मा, चीफ एलएडीसीएस, अभय शर्मा एवं अन्य एलएडीसी अधिवक्ता एवं स्टॉफ, एस. डी. ओ. वन विभाग प्रदीप कछावा, रेंजर वन विभाग विष्णुलाल पाटीदार, अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण आदि मौजूद थे।

बड़ा हादसा टला : बस स्टैंड की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिरा, बाल-बाल बचे यात्री

नवभारत न्यूज

जावरा। स्थानीय बस स्टैंड पर शुक्रवार सुबह उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब यात्री शेड की छत का एक बड़ा हिस्सा (प्लास्टर) अचानक नीचे आ गिरा। सुबह का समय होने के कारण बस का इंतजार कर रहे यात्री इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना के बाद बस स्टैंड के दुकानदारों और नियमित सफर करने वाले यात्रियों ने नाराजगी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार इस जर्जर निर्माण की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन कोई सुध नहीं ली गई। रोजाना सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही होने के बावजूद सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। बिना उचित मरम्मत के पैचवर्क कर देने से यह स्थिति

बनी है। यात्रियों की मांग-प्रशासन किसी बड़े हादसे या किसी की जान जाने का इंतजार न करे। इस शेड की तुरंत मरम्मत कराई जाए या इसे नए सिरे से बनवाया जाए ताकि यात्री सुरक्षित सफर कर सकें।

जर्जर छत खोल रही है रखरखाव की पोल: प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह कुछ यात्री शेड के नीचे बैठकर अपनी बस का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक छत से सीमेंट और कंक्रीट का भारी-भरकम प्लास्टर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि मलबे की आवाज सुनते ही यात्री तुरंत पीछे हट गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। अगर यह घटना दोपहर या शाम के व्यस्त समय में होती, तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हो सकते थे।

तस्वीर बयां कर रही है हकीकत: भवन की बदहाली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्लास्टर गिरने के बाद छत के अंदर का ढांचा पूरी तरह से खोखला नजर आने लगा है। प्लास्टर उखड़ने के बाद अंदर लगा लोहे का जंग लगा सरिया (जाल) पूरी तरह बाहर आ चुका है। इसके साथ ही बची हुई छत पर भी लंबी और गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, जो यह साफ इशारा कर रही हैं कि पूरी छत कभी भी ढह सकती है।

एक नजर में ▸ करंट लगने से गौवंश की तड़प-तड़प कर मौत, आक्रोशित नागरिकों ने थाना प्रभारी, एसडीएम को सौंपी लिखित शिकायत

बिजली विभाग की खुली डीपी और पशु मालिक की उपेक्षा ने ली बेजुबान की जान

नवभारत न्यूज

जावरा। शहर के नयामाली पुरा स्थित मठ मंदिर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह प्रशासनिक और व्यक्तिगत लापरवाही का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की घोर लापरवाही और एक पशुपालक की गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के कारण एक बेजुबान गौवंश (गाय) को अपनी जान गंवानी पड़ी। बिजली के खंभे में उतरे तेज करंट की चपेट में आने से गाय की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया मालीपुरा निवासी चन्दप्रकाश सोलंकी पिता मांगीलाल सोलंकी सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध नागरिकों ने इस गंभीर मामले को लेकर शहर थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में सीधे तौर पर दो पक्षों को इस हादसे का जिम्मेदार ठहराया गया है। पहला पक्ष गवली मोहल्ला निवासी पशुपालक बंशीलाल गवली का है, जो अपनी गायों को शहर में लावारिस और स्वतंत्र रूप से विचरण के लिए छोड़ देते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये मवेशी पूरे जावरा नगर में घूमते रहते हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि हर समय जनहानि की आशंका बनी रहती है।

हादसे की मुख्य वजह मध्य प्रदेश विद्युत मंडल जावरा के कर्मचारियों की लापरवाही बताई जा रही है। शिकायत पत्र के अनुसार, आज सुबह मठ मंदिर नयामाली पुरा के अंदर विद्युत मंडल द्वारा पोल पर कुछ कार्य किया जा रहा था। कार्य के दौरान कर्मचारियों ने बिजली के तारों को अत्यंत लापरवाही से खुला छोड़ दिया, जिसके कारण अचानक पूरे लोहे के खंभे (पोल) में हाई-वोल्टेज करंट उतर आया। इसी दौरान वहां घूम रही उक्त गाय उस खंभे के संपर्क में आ गई और करंट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वह खंभे से चिपक गई और उसकी मौके पर ही अत्यंत दुखद मृत्यु हो गई।

प्रशासन को भेजी प्रतिलिपियां

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जागरूक नागरिकों ने इस शिकायत की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम सुनिल जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चन्द्रशेखर सोनिस तथा नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराज सिह को भी प्रेषित की है, ताकि तीनों विभाग आपसी समन्वय से शहर में आवारा पशुओं की समस्या और बिजली विभाग के जानलेवा बुनियादी ढांचे को दुरुस्त कर सकें।